**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 07.09.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रांची समेत तीन शहरों में ईडी की छापेमारी जारी, टीएमसी सांसद नदीमुल हक से जुड़े अवैध वित्तीय लेन–देन के मामले में कार्रवाई।**
2. **दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार की अस्थियां बराकर नदी में विसर्जित, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल समेत कई दलों के नेताओं ने परिजनों से मिलकर जतायी संवेदना।**
3. **नागरिकों को राहत देने के लिए केन्द्र सरकार की बड़ी पहल, रांची में एनसीसीएफ के मोबाइल वैन यूनिट से पैंतीस रूपये प्रति किलोग्राम की दर से मिल रहा प्याज।**
4. **भाजपा का कल से चार दिवसीय राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन, छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और भर्ती परीक्षाओं में अनियमिताओं की सीबीआई जांच की मांग।**
5. **दलीप ट्रॉफी के फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के कप्तान ईशान किशन की शानदार बल्लेबाजी, 250 रन की यादगार पारी खेलकर बनाये कई रिकॉर्ड।**

******************

टीएमसी के राज्यसभा सांसद मो0 नदीमुल हक से जुड़े झारखंड समेत तीन राज्यों के सात ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि ईडी ने साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले कंटेंट के प्रकाशन, अवैध वित्तीय लेन–देन और संदिग्ध सौदों के जरिये फंडिंग से जुड़ी शिकायतों के बाद यह दबिश दी है। रांची के कोकर इलाके में एक उर्दू समाचार पत्र के कार्यालय में भी ईडी छापेमारी कर रही है और साक्ष्य जुटा रही है।

******************

दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के पुत्र श्रेयस ने आज पूरे विधि–विधान के साथ गिरिडीह स्थित बराकर नदी के तट पर अपने पिता की अस्थियों का विसर्जन किया। इस मौके पर उनके परिजन, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। इधर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई दलों के नेताओं ने दिवंगत सुदिव्य कुमार के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

इधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सिरीवेला प्रसाद भी गिरिडीह में दिवंगत सुदिव्य कुमार के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया।

******************

दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के असामायिक निधन पर आज रांची विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन हुआ और उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सरोज शर्मा ने सुदिव्य कुमार के योगदान को याद किया।

******************

केन्द्र सरकार ने नागरिकों को राहत देने के लिए बड़ी पहल की है। रांची में भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ, एनसीसीएफ के मोबाइल वैन यूनिट के माध्यम से 35 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से ग्राहकों को प्याज दिया जा रहा है। लोगों ने एनसीसीएफ के इस पहल की प्रशंसा की है।

******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी 9 सितंबर को वाराणसी में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करेंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों को पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास के लिए "हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी" धुन के साथ सामुदायिक नेतृत्व वाली कार्रवाई के केंद्र में रखा गया है। इसी धुन से हाल ही में जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी प्रबंधन समितियों के त्वरित गठन और संचालन को गति मिलेगी। सुपोषित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए एक महीने तक चलने वाला पोषण अभियान चलाया जाएगा, जो विकसित भारत 2047 की नींव है।

******************

प्रदेश भाजपा भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितता के खिलाफ आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने, दोषियों की गिरफ्तारी और मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कल से चार दिवसीय चरणबद्ध तरीके से राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने बताया कि कल रांची, दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, जमशेदपुर और गढ़वा में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची में आंदोलन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू करेंगे।

******************

सरायकेला—खरसावां पुलिस ने डकैती की एक बड़ी साजिश को वारदात से पहले ही नाकाम कर दिया। पुलिस ने चौका थाना क्षेत्र से डकैती की योजना बना रहे छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पिस्टल, गोली और तीन दोपहिया वाहन समेत कई सामान बरामद किए गए हैं।

******************

रांची में मोटरसाइकिल चोर गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रांची सदर अस्पताल के आसपास के इलाकों में मोटरसाइकिल की चोरी की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस पहले से तत्पर थी। इसी क्रम में सदर अस्पताल परिसर में एक संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में उसने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चार मोटरसाइकिल बरामद करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

*******************

राज्य में 13 सितम्बर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। 9 और 10 सितम्बर को कुछ जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी की है। 9 सितम्बर को बोकारो और धनबाद में भारी बारिश की संभावना है। वहीं 10 सितम्बर को रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद और गिरिडीह में कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान है। 13 सितम्बर तक राज्य के कई इलाके में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। दो दिनों के बाद तापमान में लगभग चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

*******************

दलीप ट्रॉफी के फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के कप्तान ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया है। चेन्नई में उन्होंने साउथ जोन के खिलाफ 250 रन की यादगार पारी खेली और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। ईशान ने मुकाबले के दूसरे दिन आज अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए पहले दोहरा शतक पूरा किया और इसके बाद 250 रन के आंकड़े तक पहुंचे। ईशान ईस्ट पूर्वी क्षेत्र के लिए दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गये हैं।

*******************